प्रेस नोट- थाना खुटार

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक-23.11.2026

थाना खुटार पुलिस टीम द्वारा दहेज उत्पीड़न के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना खुटार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, जिसमें रोकथाम जुर्म-जरायम, हत्या, चोरी, लूट, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्रों की बिक्री/निर्माण तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी सम्मिलित है, थाना खुटार पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 22.11.2026 को वादी द्वारा थाना खुटार पर उपस्थित होकर अपनी पुत्री को उसके पति दुर्वेश कुमार, ससुर रामसिंह एवं चार अज्ञात बहनोई द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने तथा अतिरिक्त दहेज की मांग करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 406/2026 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट बनाम 1.दुर्वेश कुमार पुत्र रामसिंह (पति), 2.रामसिंह पुत्र सुन्दरलाल (ससुर), निवासीगण ग्राम नवदिया ओरीलाल, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर एवं 3. चार अज्ञात बहनोई के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना खुटार पुलिस टीम द्वारा लगातार सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 23.11.2026 को अभियुक्त दुर्वेश कुमार पुत्र रामसिंह नि0 ग्राम नवदिया ओरीलाल, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर को बाबा चौराहा, मैलानी रोड, थाना खुटार, जनपद शाहजहाँपुर से समय 11:35 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

दुर्वेश कुमार पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम नवदिया ओरीलाल थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर उम्र 26 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनाँक,समय व स्थान का विवरणः-

बाबा चौराहा मैलानी रोड थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर दिनांक 23.11.2026 को समय 11.35 बजे।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 406/2026 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डी0पी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1.उ0नि0 सुभाष चन्द्र थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर।
2.का0 निर्दोष कुमार थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर।
3.का0 फिरोज हसन थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर।